बच्चे की देखभाल करनेवाले से पूछने के लिए कुछ सामान्य प्रश्न

उच्च गुणवत्ता वाले बच्चों की देखभाल कार्यक्रम बच्चों को यह एहसास दिलाते हैं कि वे सुरक्षित और समर्थित हैं तथा उनकी देखभाल अच्छी तरह से की जा रही है। वे परिवारों और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करके, तथा बच्चों के विकास एवं शारीरिक वृद्धि में मदद करनेवाला रोचक एवं सहानुभूतिपूर्ण परिवेश उपलब्ध कराकर बच्चों के शिक्षण और विकास को समर्थित करते हैं।

अपनी तथा अपने बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च स्तर की बाल देखरेख खोजने में मार्ग-दर्शन प्राप्त करने के लिए इन प्रश्नों का उपयोग करें।

लागतें और उपलब्धता

1. क्या मेरे बच्चे के लिए आपके यहाँ जगह है? (यदि नहीं, तो क्या कोई प्रतीक्षा सूची है और वह कितनी लंबी है?)
2. इसकी लागत क्या है? क्या कोई अतिरिक्त शुल्क भी हैं? (बच्चे की देखभाल करनेवालों से अतिरिक्त लागतों को समझाने के लिए कहें, उदा., छुट्टियों वाले दिनों से, बीमारी के दिनों से, देरी से बच्चे को ले जाने से, या आवेदन करने से संबंधित शुल्क)
3. क्या इस केंद्र में कम लागत वाले (सब्सिडाइज़्ड) स्थान उपलब्ध हैं?
4. क्या आप पूर्णकालिक और अंश-कालिक भर्ती की सुविधा प्रदान करते हैं?
5. बच्चे को ले जाने/या छोड़ने के समय कितने लचीले हैं?
6. बच्चे की देखभाल करनेवाले व्यक्ति माता-पिता से किस तरह संप्रेषण करते हैं और माता-पिता कब आकर बच्चों से मिल सकते हैं?

तथ्य:

आप लाइसेंसित केंद्र में या घर में देखभाल में से किसी एक को चुन सकते हैं। घर में देखभाल करनेवाले कुछ प्रदाता किसी लाइसेंसित एजेंसी के साथ जुड़े होते हैं और कुछ अलाइसेंसित होते हैं। लागतें अलग-अलग हो सकती हैं।

स्वास्थ्य एव सरक्षा

1. क्या आप लाइसेंसित हैं अथवा अलाइसेंसित?
2. आप कितने बच्चों की देखभाल कर रहे हैं?
3. आप बच्चों के स्वास्थ्य को कैसे सुनिश्चित करते हैं? (उदा., सुलाना, स्वच्छता)
4. जब बच्चा बीमार हो जाए तब क्या होता है? (उदा., क्या उसे घर भेज दिया जाता है या उसे दवाएँ दी जाती हैं)

तथ्य:

बिना लाइसेंस वाले प्रदाता अपने घर में पाँच से अधिक बच्चों की देखभाल नहीं कर सकते हैं।

ontario.ca/childcare

आईएसबीएन 978-1-4606-5209-1 (पीडीएफ) (Hindi) ©क्वीन्स प्रिंटर फ़ॉर ओंटेरियो 2015

Ontario

5. सुरक्षा से संबंधित क्या उपाय स्थापित किए गए हैं? (उदा., आग बुझाने का उपकरण, धुआँ/कार्बन मोनोऑक्साइड का पता लगानेवाला उपकरण, प्राथमिक सहायता किट, सुरक्षा फाटक और बिजली के सुरक्षित प्लग)
6. आपात स्थिति में जगह खाली करने के लिए आपके यहाँ क्या योजना है?
7. गंभीर ऐलर्जी वाले बच्चों के लिए क्या आप कोई एनाफ़िलैक्सिस (तीव्रग्राहिता) देते हैं?

भोजन और पोषण

1. आप किस प्रकार के नाश्ते और भोजन देते हैं?
2. क्या भोजन आपके यहाँ ही तैयार होता है अथवा आप उसे कहीं और से मँगाते हैं?
3. क्या कुछ प्रकार के भोजनों को आपके यहाँ अनुमति नहीं है? (उदा., मेवे (नट्स) या अन्य प्रत्यूर्जक (ऐलर्जन))
4. क्या आप हमारे परिवार की भोजन आवश्यकताओं के अनुसार भोजन उपलब्ध करा सकते हैं?
5. क्या माता के दूध को रखने के लिए फ्रिज उपलब्ध है और क्या भोजन कराने के लिए कोई समय-सूची है?

इनके बारे में तपास करें:

ऐसी भोजन योजनाएँ हैं या नहीं जिनमें सभी 4 भोजन समूह शामिल हैं।

शिक्षण और खेल

1. दिन भर मेरा बच्चा क्या करेगा?
2. सीखने, सृजनशीलता और सामाजिक अंतर्क्रियाओं को खेल के सामान किस तरह समर्थित करते हैं?
3. आप घर के अंदर खेले जानेवाले और घर के बाहर खेले जानेवाले खेलों को किस तरह प्रोत्साहित करते हैं? कितना समय घर के बाहर बिताया जाता है?
4. कार्यक्रम में अलग-अलग सांस्कृतिक परंपराओं को कैसे समेकित किया जाता है?
5. परिवार के लोगों को कार्यक्रम में कैसे शामिल किया जाता है?
6. यदि बच्चे को गुस्सा आए या वह व्याकुल हो उठे तो क्या होता है?

इनके बारे में तपास करें:

- खेल और अन्वेषण के माध्यम से बच्चों के शिक्षण को समर्थित करनेवाला परिवेश उपलब्ध है या नहीं।

- पारिवारिक योगदान का स्वागत है और उसे प्रोत्साहित किया जाता है या नहीं।

देखभाल करनेवाले और प्रशिक्षित पेशेवर

1. कर्मियों और प्रदाताओं के पास किस तरह की अर्हताएँ हैं या उन्हें किस तरह का प्रशिक्षण मिला हुआ है? (उदा., पंजीकृत प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षक)
2. क्या स्थल पर मौजूद किसी को सीपीआर या प्राथमिक सहायता प्रमाणपत्र प्राप्त है?
3. जब यह कर्मी या प्रदाता बीमार हो जाए या अन्यत्र गया हो, तब क्या होता है?

इनके बारे में तपास करें:

बच्चों के साथ काम करने के लिए अर्हता-प्राप्त या प्रशिक्षित कर्मी या प्रदाता है या नहीं।

आईएसबीएन 978-1-4606-5209-1 (पीडीएफ) (Hindi) ©क्वीन्स प्रिंटर फ़ॉर ओंटेरियो 2015

Ontario